प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 21.07.2025 समय : 09:00 ए.एम.

0000000

- संसद का मॉनसून सत्र आज से शुरू हो रहा है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा–सभी मुद्‌दों पर चर्चा नियम और परम्परा के तहत होगी।

- राज्यपाल हरिभाऊ बागडे आज राजस्थान उच्च न्यायालय के नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश के. आर. श्रीराम को पद की शपथ दिलाएंगे।

- पीएम कुसुम योजना के कियान्वयन में राजस्थान देश का अग्रणी राज्य बना।

- राज्य में देवस्थान विभाग की ओर से सभी राजकीय मंदिरों में सावन माह के दौरान रूद्राभिषेक के आयोजन किये जायेंगे।

- प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर अच्छी बारिश से कई बांध लबालब–बीसलपुर बांध छलकने के कगार पर।

000000

संसद का मॉनसून सत्र आज से शुरू हो रहा है। 21 अगस्त तक चलने वाले सत्र के दौरान कुल 21 बैठकें होगी। ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह संसद का पहला सत्र है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सत्र की शुरुआत से पहले मीडियाकर्मियों को संबोधित करेंगे। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि सत्र के दौरान निपटाये जाने वाले महत्वपूर्ण विधायी और अन्य कार्य तय कर लिये गये हैं। इससे पहले कल सरकार ने दोनों सदनों की सुचारू कार्यवाही सुनिश्चित करने में सहयोग के लिये सर्वदलीय बैठक बुलाई। लोकसभा और राज्यसभा में विभिन्न दलों का प्रतिनिधित्व करने वाले नेताओं ने इस बैठक में भाग लिया। केन्द्रीय मंत्री और राज्यसभा में सदन के नेता जे. पी. नड्डा ने बैठक की अध्यक्षता की। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजु ने बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि कई अहम मुद्‌दों पर सभी दलों ने अपने विचार रखे है। उन्होंने कहा कि सरकार इन मुद्‌दों पर चर्चा के लिए तैयार है। श्री रिजिजू ने कहा कि हर विषय पर चर्चा नियम और परम्परा के तहत ही होगी।

......

00000

राजस्थान उच्च न्यायालय के नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश के. आर. श्रीराम आज पद की शपथ लेंगे। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे राजभवन में आयोजित एक समारोह में उन्हें शपथ दिलायेंगे। गौरतलब है कि के.आर. श्रीराम ने मुम्बई विश्वविद्यालय से एलएलबी करने के बाद लन्दन से समुद्री विज्ञान में एलएलएम किया। वे जुलाई 1986 को महाराष्ट्र और गोवा बार कौन्सिल में वकील के रूप में पंजीकृत हुए। उन्हें 21 सितम्बर 2024 को मद्रास हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के पद पर पदोन्नत किया गया था।

0000

पीएम कुसुम योजना के कियान्वयन में राजस्थान देश का अग्रणी राज्य बन गया है। योजना के तहत प्रदेश में कुल 1 हजार 305 मेगावाट क्षमता के 684 विकेन्द्रित सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित हो चुके हैं। इनमें से 1 हजार 190 मेगावाट क्षमता के 592 प्लांट एक साल के भीतर विकसित किए गए है। योजना के कंपोनेंट–ए में अधिकतम 2 मेगावाट तथा कंपोनेंट–सी में अधिकतम 5 मेगावाट क्षमता तक के ग्रिड कनेक्टेड प्लांट लगाए जाने का प्रावधान है। कंपोनेंट–सी में संयंत्र स्थापित करने पर केन्द्र सरकार की ओर से प्रति मेगावाट अधिकतम 1 करोड़ 5 लाख रूपए की सहायता दी जाती है। ये प्लांट किसानों द्वारा खुद या किसी डवलपर के साथ मिलकर खेत के पास अपनी अनुपजाऊ भूमि पर लगाए जा रहे हैं। इन संयंत्रों के माध्यम से किसान अब ऊर्जादाता भी बन रहे हैं। राज्य में योजना के सफल क्रियान्वयन को देखते हुए केन्द्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने कुसम कम्पोनेंट–ए में वित्त वर्ष 2024–25 में 397 मेगावाट तथा वर्ष 2025–26 में 5 हजार मेगावाट क्षमता का आवंटन बढ़ाया है। वहीं कम्पोनेंट–सी में दोनों सालों में कुल 2 लाख सोलर पंप क्षमता का अतिरिक्त आवंटन किया है।

0000

राज्य में देवस्थान विभाग की ओर से सभी राजकीय मंदिरों में सावन माह के दौरान रूद्राभिषेक के आयोजन होंगे। इसी कडी में आज जयपुर के त्रिपोलिया बाजार में प्रतापेश्वर जी महाराज मंदिर में देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत रूद्राभिषेक करेंगे। श्री कुमावत ने बताया कि ये आयोजन उन्हीं मंदिरों में होंगे जो प्रत्यक्ष रूप से देवस्थान विभाग के तहत आते है। उन्होंने बताया कि हर सोमवार को राज्य के 80 मंदिरों में शिव पूजन का आयोजन किया जायेगा। इस बीच आज सावन के दूसरे सोमवार पर सभी शिवालयों में भक्तों का तांता लगा हुआ है। श्रद्धालु हर हर महादेव और बम बम भोले के जयकारे लगाते हुए शिव मंदिरों में भगवान शिव का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और विशेष पूजा अर्चना कर रहे है। विभिन्न पवित्र सरोवरों से कांवडिये जल लाकर शिवजी का पूजन का रहे है। बाडमेर, कोटा, जैसलमेर के शिव मंदिरों में विशेष आयोजन हो रहे है। भीलवाड़ा के हरनी महादेव, तिलस्वा महादेव मंदिर में भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार किया गया है। उधर पाली में सोमनाथ मंदिर में विभिन्न स्थानों से श्रद्धालु पंहुच रहे है। श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

......

00000

प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर हो रही अच्छी बारिश से कई बांध लबालब हो चुके है। वहीं कई बांध जल्द ही भरने की संभावना है। बीसलपुर बांध का जलस्तर 315 आर मीटर से ऊपर पंहुच गया है। एजेंसी के अनुसार जल्दी ही इसके गेट खोलकर पानी की निकासी की जा सकती है। प्रशासन ने इसके लिए आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली है। कल बांध में 37 सेंटीमीटर पानी की आवक हुई। करौली में हुई जोरदार बारिश से पांचना बांध के गेट खोलकर पानी की निकासी की गयी है। इससे भरतपुर के केवलादेव उद्यान में पानी आना शुरू हो गया है। उदयपुर में पिछोला झील में जलस्तर पूरी भराव क्षमता तक पंहुचने के बाद स्वरूप सागर के चार गेट 3—3 इंच तक खोलकर पानी की निकासी की गई। उधर हाडौती अंचल में बरसात के बाद कोटा बैराज से पानी छोडे जाने के कारण चंबल नदी में पानी की आवक बढ गई है। धौलपुर में चंबल नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। कल जलस्तर 130 दशमलव 9 मीटर तक पहुंच गया, जो खतरे के निशान से 11 सेंटीमीटर अधिक है। हमारे संवाददाता ने बताया कि जलस्तर में हो रही बढोतरी के चलते नदी के आस—पास के निचले इलाकों में अलर्ट जारी किया गया है।

.....

इस बीच पिछले 24 घंटों में एक दर्जन शहरों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। सबसे ज्यादा 61 मिमी बारिश जोधपुर के बलेसर में दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार कल जोधपुर, जैसलमेर, बाड़मेर, डूंगरपुर, सिरोही, झुंझुनूं, राजसमंद, प्रतापगढ़, जालौर सहित कुछ अन्य स्थानों पर बारिश हुई। जयपुर के दूदू में नरेना बांध की पाल टूटने से कई ढाणियों से संपर्क टूट गया है। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आज और कल उत्तरी और दक्षिण—पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

0000

भारत की कोनेरू हम्पी ने फिडे महिला शतरंज विश्‍व कप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में पहुँच कर इतिहास रचा है। इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल तक पहुँचने वाली वे पहली भारतीय महिला खिलाड़ी हैं। हम्पी ने जॉर्जिया में क्वार्टरफाइनल में चीन की सोंग युचिन को हराया।

0000